# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–31 दिसंबर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान श्री योगी नैनी में निर्मित बायो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण करने के साथ ही महाकुम्भ प्रयागराज 2025 की तैयारियों को लेकर विभिन्न घाटों और स्टील ब्रिज का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार यात्रियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

**********

***देश और दुनिया प्रयागराज कुंभ में आने के लिए उत्सुक है। उत्तर प्रदेश और देश के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक और धार्मिक समागम को अपनी आंखों से देखना चाहता है। 144 वर्ष के बाद महाकुंभ का यह मुहूर्त आ रहा है, और इस महा समागम का साक्षी देश और दुनिया बनना चाहता है, इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं डबल इंजन की सरकार ने, केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर, यहां पर प्रशासन और पुलिस ने मिलकर, मेला प्राधिकरण के साथ मिलकर इन सभी कार्यक्रमों को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के चरगांवा स्थित नवीनीकृत राजकीय कृषि विद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन और छात्रावास का लोकापर्ण दो जनवरी को करेंगे। इस कृषि विद्यालय में कृषि से जुड़े मास्टर ट्रेनरों, कमर्चारियों और प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है। राजकीय कृषि विद्यालय के नए प्रशासनिक भवन के निर्माण पर 9.88 करोड़ रुपये तथा हॉस्टल के निर्माण पर 9.08 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय हुई है। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना ने बताया कि राजकीय कृषि विद्यालय के बन जाने से अधिक संख्या में किसानों को खेती किसानी की नवीनतम जानकारियों से रूबरू कराया जा सकेगा।

**********

नए साल के प्रथम दिवस पर अयोध्या में श्रीरामलला, वाराणसी में काशी विश्वनाथ के साथ प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। वाराणसी में स्पर्श दर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। आने वाले श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन कराने के लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से तैयारियां की गई हैं। एक अनुमान के मुताबिक 8 लाख से ज्यादा भक्त जनवरी माह के प्रथम दिन काशी विश्वनाथ के दर्शन प्राप्त करते हैं। उधर, नववर्ष की पूर्व संध्या पर आज से ही रामलला के दर्शन को भारी संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं। इन श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से दर्शन कराने में प्रशासन को अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ रही है। इसी कम में भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में नये साल को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर है। नववर्ष की पूर्व सन्ध्या पर हजारों देशी विदेशी पर्यटक कुशीनगर पहुँच गये हैं। पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार मिश्र ने बताया कि पूरे मन्दिर परिक्षेत्र को सी.सी.टी.वी. और ड्रोन कैमरे की निगरानी में रखा गया है। कल मन्दिर परिक्षेत्र में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

**********

पूर्वोत्तर रेलवे में कल से नई समय सारणी लागू हो जाएगी। इसके चलते हमसफर एक्सप्रेस के साथ 68 ट्रेनों के आने और जाने के समय में परिवर्तन होगा। पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों से अपील की है की यात्रा करने से पहले वह अपनी ट्रेन की आवागमन की स्थिति को हेल्पलाइन नंबर 139 से जांच लें।

**********

प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद ने आज देवरिया में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में विभाग की ओर से संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। श्री निषाद ने कहा कि विभागीय लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्यक्ष रूप से लाभार्थी को मिले, इसे लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

**********

नववर्ष की पूर्व संध्या पर मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने आज अयोध्या में राम लला का दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि आने वाला वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो। भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए जो काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है, वह सफल हो। इसके लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

**********

पूर्वांचल के अधिकांश जिलों को अगले तीन दिनों तक ठंड से राहत नहीं मिलेगी और घना कोहरा भी छाया रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में भी चार से छह डिग्री तक गिरावट होने के आसार हैं। मौसम में उतार चढ़ाव से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी खास कर सर्दी, जुखाम, खांसी और टांसिल की समस्या भी बढ़ रही है। उधर, बढ़ती ठंड को देखते हुए वाराणसी और जौनपुर में कक्षा एक से 08 तक के परिषदीय विद्यालयों में 14 जनवरी तक छुट्टी घोषित की गई है। माना जा रहा है कि पूर्वांचल में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कोहरा कम होने पर तापमान में फिर से वृद्धि की संभावना है।

**********